दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 187 मुरादाबाद, 26 October 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

संक्षिप्त समाचार

मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव ने थैलीसीमिया के 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने के लगाए गंभीर आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कानपुर में एक सरकारी अस्पताल में 14 थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाये जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कानपुर के एक सरकारी अस्पताल में थैलीसीमिया के 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संक्रमित खून चढ़ाने से बच्चों को एचआइवी, एडस व हेपेटाइटिस B व C जैसी गंभीर बीमारियां हो गई हैं। डबल इंजन सरकार ने हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को डबल बीमार कर दिया है। यूपी के कानपुर में एक सरकारी अस्पताल में थैलीसीमिया के 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया, जिससे इन बच्चों को HIV AIDS और हेपेटाइटिस B, C जैसी चिंताजनक बीमारियां हो गई हैं। ये गंभीर लापरवाही शर्मनाक है। मासूम बच्चों को भाजपा सरकार के इस अक्षम्य अपराध की सजा भुगतनी पड़ रही है। मोदी जी कल हमें 10 संकल्प लेने की बड़ी-बड़ी बातें सिखा रहे थे, क्या उन्होंने कभी अपनी भाजपा सरकारों की रत्ती भर भी जवाबदेही तय की है अखिलेश यादव बोले- उप्र में चिकित्सा व्यवस्था देखनेवाला कोई नहीं उप्र में संक्रमित खून चढ़ाने से 14 बच्चों को HIV और हेपेटाइटिस का संक्रमण होना बेहद गंभीर बात है। इस लापरवाही की तत्काल जांच हो और इस तरह की घातक गलती की सख्त से सख्त स दी जाए। उप्र में चिकित्सा व्यवस्था देखनेवाला कोई नहीं है। मेडिकल कॉलेज ने किया इस घटना का खंडन- इस मामले में मेडिकल कॉलेज ने खंडन जारी किया है। वहीं जीएसवीएम के प्राचार्य डॉ संजय काला इस संबंध में प्रेस वार्ता करेंगे।

सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, कहा- किसी के साथ न होने देंगे अन्याय; खुशहाली को संकल्पित सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। सीएम ने संतुष्टिपरक निराकरण के निर्देश दिए। लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अति व्यस्तता के बाद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी ने बुधवार सुबह

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

प्रियंका ने कहा- सरकार बनने के पहले साल से हर महिला को 10 हजार सालाना, 500 में सिलेंडर

राजस्थान में विधानसभा के तारीखों के घोषणा के बाद सभी पार्टियां प्रचार में लग गई हैं। इसी क्रम में आज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी झुंझनू में पहुंचीं हैं। प्रियंका बोलीं- विजनरी नेता ही विकास को तेजी देता है प्रियंका गांधी ने पंडाल में बैठी महिलाओं और लड़कियों से कहा कि मुझे पता चला है कि आप काफी समय से यहां बैठी हैं। लड़कियों से पूछा कि क्या आप बोर हो रही हैं। फिर उन्होंने कहा कि आपकी यह जो मिट्टी है, इसने देश को बहुत कुछ दिया है। शीशराम ओला जैसे नेता और अनगिनत शहीद सैनिक। यहां की माताओं को मेरा प्रणाम। सबसे ज्यादा रिटायर सैनिक झुंझुनू में ही हैं। सरहद पर सबसे ज्यादा सैनिक भी झुंझुनू से ही हैं। आज आपके सामने चुनाव के मौके पर मैं खड़ी हूं। प्रियंका ने लोगों से पूछा कि आप नेता से क्या चाहते हैं। जो नेता देश या प्रदेश को चलता है, उसे गहरी समझ होनी चाहिए। भविष्य में क्या बनाना चाहते हैं। ये जो विजन है उसी से विकास होता है। अगर एक ऐसा नेता प्रदेश को चला रहा है कि जिसका विजन नहीं है तो आप कितना पढ़ लें आपको रोजगार नहीं मिलेगा। प्रियंका ने आगे कहा कि आज की सरकार सिर्फ दो उद्योगपतियों का प्रोत्साहन कर रही है। देश के बंदरगाह, एयरपोर्ट और जितने बड़े पीएसयू (पब्लिक सेक्टर यूनिट) थे, सब उन्हें दे रहे हैं। आप बच्चों को पढ़ा रहे हैं। लेकिन एक ऐसी सरकार है जो रोजगार बना ही नहीं रही। ऐसी सरकार होगी तो आपके बच्चों के भविष्य का क्या होगा। उन्होंने

कहा कि रोजगार पीएसयू से बनता है, उसे उन्होंने अपने उद्योगपति मित्रों को सौंप दिया। उनकी कंपनियां ऐसी हैं जिनसे रोजगार नहीं बनते। किसान आंदोलन इसलिए हुआ क्योंकि यह खेती की जमीन भी उद्योगपति मित्रों को दिए जा रहे थे। लेकिन ये तब झुके जब चुनाव आ रहे थे। गहलोत बोले, प्रियंका जी का तीसरी बार आना हुआ है। पूरा ओला परिवार गांधी परिवार के प्रति समर्पित रहा है। बृजेंद्र ओला मेरे साथ दूसरी बार मंत्री बने हैं। इस अवसर पर कांग्रेस में ज्वाइनिंग हुई है। ममता शर्मा हमारी कार्यकर्ता रही हैं। ये मैसेज हैं प्रदेश के अंदर कि हमारी सरकार ने काम किए हैं। यहां कमला बेनीवाल और सुमित्रा सिंह जैसी लड़कियां वनस्थली जाकर पढ़ी हैं। हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में क्या नहीं किया। पांच साल में 310 कॉलेज खोल दिए। महंगाई राहत शिविरों में हमने जो गारंटी दी वह लागू भी कर दी है। आज महंगाई का दौर है। राहुल गांधी की यात्रा में चार मुद्दे थे। महंगाई, बरोजगारी, गरीबी और धर्म के नाम पर बढ़ती खाई। मेरी सरकार के बजट में इन चारों मुद्दों पर काम किया। इनके हिंदुत्व का मुद्दा बनाते हैं, वह भी ज्यादा चलने वाला नहीं हैं। हम भी सेवा करते हैं गायों की। लंपी में गाय मर गई थी, हमने प्रति गाय 40 हजार का पेमेंट किया। आगे गाय-भैंसो का बीमा कर दिया। पुजारियों का मानदेय बढ़ाया। 500 रुपये में गैस सिलेंडर हिंदुस्तान में कहीं नहीं रहा, हमने दिया। प्रदेश में 1.5 लाख किलोमीटर की सड़कें बनी। महिला हमारी टारगेट है। इस प्रकार हमारा सशक्तिकरण होगा। सोनिया गांधी ने संसद में महिला आरक्षण का मुद्दा बना रखा था। नौ साल बाद मोदी सरकार को झुकना पड़ा और कानून बनाना पड़ा। जो फैसले हमने किए हैं, उसके कारण राजस्थान पहली बार देश में चर्चा में आ गया। बाकी राज्यों में कहीं 15 प्रतिशत कहीं 20 प्रतिशत लोगों को बीमा कवर है। आज हमारी दो गारंटियां थीं। हम चाहते थे कि ये गारंटी प्रियंका गांधी घोषित करें, लेकिन उन्होंने मुझे इसकी जिम्मेदारी दी है। आज तक किया आपके सामने है। बहुत लंबी लिस्ट है वक्त लग जाएगा। 500 रुपये का सिलेंडर दिया था। वह उज्ज्वला योजना की महिलाओं को दिया था। आज मैं गारंटी दे रहा हूं कि सरकार आएगी तो एक करोड़ पांच लाख परिवारों को 500 रुपये का सिलेंडर मिलेगा। महिला को सम्मान के रूप में प्रतिवर्ष दो या तीन किश्तों में 10 हजार रुपये मिलेगा, यह उनका सम्मान है। घर में बेटी, दोहिती और दोहिता आता है तो सासू को किसी से मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वह उन्हें पैसा दे सकती है।

अब किताबों में इंडिया की जगह लिखा आएगा भारत, नाम बदलने की सिफारिश हुई मंजूर

एनसीईआरटी की ओर से गठित एक समिति ने सिफारिश की थी कि किताबों की छपाई फिर से की जाए, जिनमें 'INDIA' को बदलकर 'Bharat' लिखा जाएगा। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, यानी एनसीईआरटी की किताबों में जल्द ही एक बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल, एनसीईआरटी द्वारा गठित एक समिति ने किताबों में 'INDIA' को बदलकर 'Bharat' करने की सिफारिश की थी।पैनल द्वारा पुस्तकों के अगले सेट में इंडिया के बजाय भारत प्रिंट करने के प्रस्ताव को सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया है। पैनल के सदस्यों में से एक ने इस बात की पुष्टि की है।पैनल के सदस्यों में से एक सीआई इस्साक (CI Issac) के मुताबिक, पैनल के सभी सदस्यों नЀ 'INDIA' को बदलकर 'Bharat' करने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया है। यह प्रस्ताव कुछ महीने पहले रखा गया था और अब, जबकि प्रस्ताव स्वीकार किया जा चुका है तो एनसीईआरटी की नई किताबों में इंडिया की जगह भारत मुद्रित किया जाएगा।

लागू हो भारतीय ज्ञान प्रणाली

इसी के साथ समिति के अध्यक्ष सी आई इस्साक ने यह भी बताया कि एनसीईआरटी पैनल ने सभी विषयों के पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली (Indian Knowledge System) को शामिल करने की सिफारिश की है। इंडिया बनाम भारत अब एनसीईआरटी की किताबों का एक नया दस्ता जारी किया जाएगा। नई किताबों में बच्चे अब इंडिया नहीं, बल्कि भारत पढ़ेंगें। बता दें कि %भारत% बनाम इंडिया पर चर्चा की शुरुआत तब हुई जब केंद्र ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित जी20 रात्रिभोज के निमंत्रण को "President of India" के बजाय "President of Bharat" के नाम से भेज दिया, जिससे राजनीतिक विवाद शुरू हो गया। सितंबर में, जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में जी20 लीडर्स शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, तब उनकी नेमप्लेट पर भी भारत प्रदर्शित किया गया था। संविधान के अनुच्छेद 1 (1) में हमारे देश का नाम इंडिया, अर्थात भारत राज्यों का संघ होगा परिभाषित किया गया है।

आजम खां से मिलने जेल जाएंगे अजय राय, बोले- उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस साथ है

अजय राय का कहना है कि भाजपा सरकार ने गलत तरीके से आजम खां पर निशाना साधना शुरू किया है। ऐसे में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक वरिष्ठ नेता के साथ हुए उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस खड़ी है। आजम खां के साथ अन्याय हो रहा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय अपनी टीम के साथ बृहस्पतिवार को सीतापुर जेल में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस लगातार अल्पसंख्यक नेताओं को जोड़ने के अभियान में लगी है। अजय राय की यह मुलाकात भी उसी कड़ी से जोड़ कर देखी जा रही है। हालांकि अजय राय का कहना है कि भाजपा सरकार ने गलत तरीके से आजम खां पर निशाना साधना शुरू किया है। ऐसे में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक वरिष्ठ नेता के साथ हुए उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस खड़ी है। आजम खां के साथ अन्याय हो रहा है।

क्रूरता से कत्ल! चीखता रहा पूरा परिवार...और वह कुचलता रहा, आठ बार चढ़ाया ट्रैक्टर

रास्ते के विवाद में ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की हत्या कर दी गई। आरोपी ट्रैक्टर ड्राइवर ने जमीन पर पड़े युवक पर आठ बार ट्रैक्टर का पहिया चढ़ाया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बेरहमी से किए गए इस मर्डर का वीडियो भी सामने आया है। मर्डर के बाद गांव में तनाव की स्थिति है, मामला भरतपुर के बयाना क्षेत्र का है। भरतपुर में बयाना के सदर थाना इलाके के गांव अड्डा में दो पक्षों में जमीन विवाद की रंजिश एक बार फिर हत्या की वजह बन गई। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ट्रैक्टर चालक ने जमीन पर पड़े युवक पर आठ बार आगे-पीछे करके ट्रैक्टर के पहिए चढ़ाए। इसका एक

वीडियो भी सामने आया है। घटना से गांव में तनाव फैल गया। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतक युवक निरपत गुर्जर पुत्र अतर सिंह के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एंबुलेंस से बयाना सीएचसी भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार, अड्डा गांव के बहादुर गुर्जर और अतर सिंह गुर्जर पक्षों के बीच पिछले काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर बुधवार सुबह करीब आठ बजे दोनों पक्ष फिर से आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर पथराव कर दिया। इसमें दोनों पक्षों की महिलाएं भी शामिल थीं। ग्रामीणों के मुताबिक, फायरिंग की आवाज भी आई थी। झगड़े के दौरान निरपत नाम का युवक जमीन पर गिर गया। तभी बहादुर पक्ष के एक युवक ने जमीन पर गिरे पड़े निरपत के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। रोकने के बावजूद आरोपी ट्रैक्टर चालक नहीं रुका और आठ बार जमीन पर गिरे निरपत के ऊपर ट्रैक्टर के पहिए चढ़ाए। इससे निरपत की मौके पर मौत हो गई। इसी विवाद को लेकर पांच दिन पहले 21 अक्तूबर को भी बहादुर और अतर सिंह गुर्जर पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसमें बहादुर और उसका छोटा भाई जनक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

संपादकीय Editorial

How sweet milk federation

The sweetness of Milkfed in the sweet season and an effort to show something in the celebration of the year. Holding the sweets in their hands, Milkfed is showing the love of the market in a gift pack this time, where Himachal is a brand for the buyer. There is no doubt that Milk Federation brings taste with its presence in the name of Diwali sweets and Lohri gajak. It is also true that these products make their specialty known on the basis of quality, but this is a short-term effort which is not able to convey the message consistently in the market. Needless to say, despite the claims, the milk products of Himachal are not able to stand in line with the neighboring states, as a result the dependence on dairy of the outside states has not reduced. This is also a strange cycle that Himachal orders its breakfast from outside. Milk, bread and poultry products knock at every door early in the morning, but there is hardly any Himachal brand there, otherwise our cows and buffaloes are roaming on the roads. The surprising thing is that we don't even dare to guess how many dairy, poultry and bakery products are reaching us from distant other states by morning. Of course, many refrigeration centers or milk plants of Milk Federation are struggling to prove useful for us, but neither the milk plants of Mandi, nor Shimla, nor Kangra could meet even a quarter of the requirement. Now the proposal of a 'state of the art' milk processing plant at Dhagwar in Kangra at a cost of Rs 226 crore is raising hopes. Even before this, Himachal continued to make isolated efforts under the National Dairy Development Programme, but the Milk Federation could not completely find a solution to the consumer's demand. One has to wait for the trucks coming from outside to get bread, butter and eggs for morning tea and breakfast. In such a situation, Sukhu government is nurturing a big dream through the milk plant of Kangra and it is also an assurance of purchasing milk from the producer at a fair price under the guarantee of Congress. On this pretext, the capability of Himachal will be known whether the state will be able to decorate its breakfast plate. On the pretext of breakfast, Kangra Tea is getting an opportunity to showcase its colours, Milk Federation is getting the opportunity to showcase its Jauhar in milk, butter, cheese and bread products and HPMC is getting the opportunity to serve various types of juices. If the Milk Federation also adds bakery production through its various product units, then these products will also reach every home without any extra expenditure in the transportation of milk. Along with this, if Milk Federation is shining its brand by launching Diwali sweets in the market, then why not see it in the network throughout the year and dedicate a production unit for it. Many departments, universities, corporations and federations of Himachal want to become brands in the state's products in their own ways, but no coordinated work is being done. In the seventies itself, Himachal's juice had established its influence in the entire country, but now HPMC is lagging behind in such objectives. A chain of products is possible to supply the tourism market of the state and in this regard, malls of Himachali products should be established in the entire state. If we make only honey and Kangra tea a brand, then it will be necessary for every visitor to buy them along with shawl, scarf or cap. If the efficiency of Jwalamukhi trees and Deyotsiddh rot is added along with Dhagwar Milk Plant, then not only will they be available in place of Prasad, but will also add fragrance to the identity of Himachal in the national and international market. Among such products, pure incense, bronze flower products, gardening products, fish pickles and Himachali Dham canning, when presented with their specialties.

There is a need for human sensitivity in studies to make Indian social science creative.

We need to develop an intuitive and liberal social knowledge of the Indian type in the country. To transform it into a creative social science, it is necessary that it includes elements of human sensitivity, in which literature will be useful. In India, the science of social knowledge is called social science. In our country, this genre of social knowledge has developed under the methods and perspectives of colonial knowledge. Due to this it is a victim of a kind of indifferent dryness. The amount of sensitivity towards the society it claims to understand is minimal. Understanding this problem, 'National Education Policy-2020' envisages simple, intuitive social knowledge with sensitivity and emphasizes on inter-disciplinarity and multi-disciplinarity. Besides, it also suggests to encourage Indian universities, IITs and 'liberal' arts and 'liberal' studies to develop liberal arts and innate multifaceted social knowledge. Firstly, it has been suggested to link the education of science, technology and management with 'liberal' studies; secondly, it has also been proposed to make the education and research of social sciences in Indian universities simple, life-oriented, socially relevant and creative. Based on these suggestions, many IITs and IIMs have started 'Liberal' Studies or 'Liberal' Arts courses. However, this pace of change is still slow in central universities. While talking to people in universities, I repeatedly feel that we are facing difficulty in understanding this 'liberal' form of social knowledge. Even in the private sector, many universities have taken initiative and developed and implemented 'liberal' studies courses. But their problem is that their curriculum is mostly influenced by the curriculum of universities in western countries. Whereas there is a need to start a tradition of teaching and research of such social studies with sensitivity, which is connected to the Indian land and sensitive environment. For this, the University Grants Commission will have to take initiative and develop a model framework of sensitive interdisciplinary and liberal social knowledge. 'Liberal' studies is a very popular course in the universities of western countries, but this branch of knowledge is basically based on the experiences of western societies. And it is based on the principles originated there. It is interesting to note that the basis of 'Liberal' studies can basically be found in the Indian Gurukul systems, where the concept of knowledge included tradition, culture, values, technology, logic, scriptures, interpretation, Nirukta, everything. But under the influence of colonial education, our social science became a victim of excessive positivity, became cut off from sensitivity and under the influence of excessive specialism, it became a victim of disciplinary fanaticism. In India, to connect social knowledge with sensitivity, it is very important to link it with literature. . Literature has played a very important role in our knowledge tradition in the country, but under the influence of Western positivism, the role of literature and sensitivity in the social sciences that developed in the colonial universities in the country continued to become negligible. We gradually cut off the teaching and research of social sciences from literature. The result was that we began to see and understand society only through quantitative data and qualitative participant observations. In Indian social science, the writings of Katha Samrat Premchand must be used to understand the village societies of the Hindi region and the continuous changes taking place in them. To understand the post-independence Indian village society, the formation of a democratic state and the changing politics. Especially three novels published in Hindi can prove to be very important texts. The first of these is Phanishwarnath Renu's novel Maila Aanchal, the second is Shrilal Shukla's novel Raag Darbari and the third is Akhilesh's novel Nirvasan. These three are very important novels. If a social lesson is done by combining these three, then the social history of change in the society from the year 1950 to around 2010 can be understood very well. By reading them sequentially, our researchers and students can also connect with the sensitive knowledge of the development of Indian society. These three novels are certainly sensitive documentations of the social changes taking place in the Hindi belt. For example, Maila Aanchal and Raag Darbari depict the social changes from 1950 to the eighth decade of the last century, and Akhilesh's novel Nirvasan. The social times after the last decade of the last century can be understood. Through exile, the often invisible subtle processes of changing society, state and creation of a new generation can also be understood very well. In 'liberal' studies of social knowledge, literary texts not only help in understanding the invisible and unspoken public reactions to development and change, but also help in understanding the sensitive changes, turning points and continuous erosion and creation of society through these processes. Can be understood well. Along with literature, folklore, folk songs, idioms and issues related to folk cultures can also help us in connecting Indian social science with sensitivity. There is also a need to include many lessons and discussions from the Indian knowledge tradition. If I were to summarize this entire debate, I would like to say that Indian social science should be considered as a creative social science. There is a need to convert it into knowledge. For this, it is necessary that elements of human sensitivity be included in Indian social studies. For the development of Indian 'liberal' and social sciences, it is necessary that literature, folklore and oral traditions and creative expressions of other social groups like Dalits, women, youth should also be included in it. We certainly need to develop in India an intuitive and liberal social knowledge of the Indian type.

Religion of humanity: Islam will become liberal only if weapons are taken from the hands of Jihadis.

Being a staunch critic of Islam, can I expect that I will ever be called to inaugurate a madrassa or mosque? Will I be called to give a speech at Eidgah grounds, will any committee celebrating Eid honor me? First of all, representatives of the religion of Islam will never invite me to their place, but will I ever accept the respect given by them? I went to Durga Puja pandal and inaugurated a place, after knowing this some Muslims are telling me that I am not an atheist. What he meant to say was that he would have been very happy to have been an atheist. Like, they don't hate atheists. As if they have not killed civilians. People who know me also know very well that I am critical of fanaticism in every religion. Despite this, it is due to the generosity of Hindu religion that I am called as a judge in the Durga Puja Anand Mela, invited to receive Bhog Prasad, and honored by the Puja Committee. On the other hand, being a staunch critic of Islam, can I expect that I will ever be called to inaugurate a madrasa or a mosque? Will I be called to give a speech at Eidgah grounds, will any committee celebrating Eid honor me? First of all, representatives of the religion of Islam will never invite me to their place, but will I ever accept the respect given by them? I don't believe in religion, I believe in humanity. If any person is tortured in the name of religion, then I stand with that person, no matter what his religion is. I believe in celebration of man and humanity. I fight for the right of anyone who practices religion without harming others to practice that religion. Just as I see museums of art and culture around the world, I also see religious places of worship. I went to Andalusia, Spain just to see Muslim architecture. Religion does not create architecture, artists create architecture. The art of artists fascinates me. I have gone to the museums of Europe to see the artworks of Raphael, Leonardo da Vinci, Michelangelo etc. I have gone to see the statues of ancient Roman gods and goddesses. In Kochi, Kerala, I went to see the ancient synagogue of the Babylonian Jews. Similarly, I have gone to Konark in Odisha and Khajuraho in Madhya Pradesh to see the crafts and artwork of the temples. Obviously, many Muslims do not like my visiting Hindu temples. However, if they wish, they can invite me to participate in events related to Islam. If they wish, I can inaugurate the Vishwa Ijtema by cutting the ribbon, become the guest of Deoband event, and inaugurate Vaj gatherings by lighting a lamp. Just as people of Hindu community protect me during Hindu festivals, Muslims themselves will come forward and protect me during events related to Islam, this is what I want. There is no ego of any kind in this. It is not a hidden thing that fanatic Muslims in every corner of the country and the world are a threat to my security. These fundamentalists were instrumental in driving me out of Bangladesh, and these same people have been trying to silence my liberal voice for decades. In such a situation, there is naturally a greater threat to my safety in events related to Islam. I want the common Muslims to come out of their fanaticism and communal thinking. Will the Muslims who wish to take me to their religious functions be able to stand as a shield under my protection? Despite being an atheist, today I can participate in the Durga Puja of Hindus, because Hindu religion is not rigid, it is liberal. Despite being an atheist, I can still participate in Christian Christmas celebrations because Christianity is liberal and constantly improving. But people who are not Muslims cannot even enter the cities of Mecca and Medina, leave aside the matter of entering the mosque. People of other religions are not allowed to enter any mosque in any country during namaz. Islam is the only religion which says that no one except a Muslim will go to heaven. This means that those who are not Muslims, despite doing hundreds of good deeds, are not likely to go to heaven because they are not Muslims. However, changes are taking place in the religion of Islam. In many Muslim countries, saying triple talaq does not result in divorce and child marriage is also banned. There is a new kind of mosque in England, where women also get the opportunity to become Imam, and there men and women stand behind the female Imam and offer Namaz. But on the other hand, in this same period, Muslim fundamentalism has given rise to terrorism. The image of Islam has become such that many people in the world today, by saying Islam, consider them to be members of IS, Boko Haram and Al Qaeda. However, there are progressive people and progressive elements in the Muslim world. The responsibility of separating religion from the education system and law of Muslim countries rests on them. As long as this responsibility is not fulfilled, the threat of radical Islam will remain. My mother, steeped in religious faith, also read the Quran, IS people also read the Quran. My mother used to talk about being kind, IS members kill their opponents. My mother did not take the meaning of many parts of the Quran literally, she She used to give timely interpretation of those parts. IS people do not do this. There are many liberal and tolerant Muslims on this earth like my mother. But the irony is that such people are doomed to remain in the background. The Muslim society that we see on the surface is more fanatical and intolerant. To make Muslim society as liberal as other religions, it is necessary to snatch weapons from the hands of Jihadis. No government in the world will do the work of making Islam a religion of peace. For this, the Muslim society itself will have to be ahead, so that people can become educated, sensitive and generous.People of other religions are not allowed to enter any mosque in any country during namaz. Islam is the only religion.

ब्लॉक डिलारी सभागार में हुआ गौ संरक्षण एवं संवर्ध संवाद कार्यक्रम का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

डिलारी। मुरादाबाद के डिलारी ब्लॉक कार्यालय के सभागार में ग्राम प्रधानों के साथ जिला अधिकारी मुरादाबाद मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गौ संरक्षण एवं संवर्धन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न बिंदुओं पर ग्राम प्रधानों को संबोधित किया गया। बुधवार को ब्लॉक डिलारी पहुंचे जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह का खंड विकास अधिकारी कार्यालय ब्लॉक प्रमुख एवं प्रधान ग्राम प्रधान और शिक्षा विभाग द्वारा गर्म जोशी से स्वागत हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा गौ संरक्षण पर सभी ग्राम प्रधानों से संवाद स्थापित किया गया। कि मानवता के नाते हम सभी का फर्ज बनता है की लावारिस घूम रहे गोवंश पशुओं के संरक्षण में अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार गोवंश पशुओं के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लेकिन अभी भी काफी दिक्कतें हैं। जिसमें जनमानस और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बहुत जरूरी है। जिलाअधिकारी मुरादाबाद द्वारा सभी ग्राम प्रधानों से कहा गया कि सभी लोग मानवता के नाते अपना थोड़ा-थोड़ा सहयोग अवश्य करें। ताकि हम इन गोवंश पशुओं के लिए अच्छे से अच्छा आश्रय बना सके. जिसमें सभी ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक स्टाफ शिक्षा विभाग एवं सफाई कर्मचारीओ द्वारा जिला अधिकारी मुरादाबाद मानवेंद्र सिंह को 11 लख रुपए का चेक दिया गया। जिसमे ग्राम प्रधानों का 9 लाख का सहयोग और 60 हज़ार का शिक्षा विभाग की ओर से एवं 33 हज़ार सफाई कर्मियों द्वारा, और 14 हजार रोजगार सेवकों ने, व 25 हजार ब्लॉक प्रमुख तथा 70 हजार का सहयोग खण्ड विकास अधिकारी और स्टाफ ने किया है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मुरादाबाद मानवेंद्र सिंह ने कहा की प्रत्येक ब्लॉक में 2 गो आश्रय स्थल बनवाए जा रहे हैं। प्रत्येक गोवंश आश्रय स्थल को 10 ग्राम पंचायत से जोड़ा गया है। और ग्राम प्रधान गोवंश आश्रय स्थल पर सुपरविजन का कार्य करेंगे।प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो-दो गोपालक मनरेगा से लिए जाएंगे

और 8-8 घंटे की ड्यूटी लगाई जाएगी। ग्राम पंचायत की जमीन से अवैध कब्जा हटवाकर श्रेणी 5 एवं 6 की जमीन पर हरे चारे की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख पूनम देवी, चंद्रपाल सिंह , विकास खण्ड अधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा,सुमित यादव, समस्त रोजगार सेवक, समस्त सफाई कर्मी एव समस्त ग्राम प्रधानआदि उपस्थित रहे।

ABVP कार्यकर्ताओं ने डीएमके सरकार का फूंका पुतला, कहा- तिरंगे का अपमान करने वालों के खिलाफ हो कारवाई

मुरादाबाद- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में बुधवार को तमिलनाडु की डीएमके सरकार का पुतला फुका। प्रांत सहमंत्री सचिन सिंह ने कहा कि क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चेन्नई में खेले गए मुकाबले की शुरुआत में ही दर्शकों के हाथ से भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को छीनकर डस्टबिन में फेंक कर उसका अपमान किया। ऐसी गंभीर कृत्य के लिए डीएमके सरकार को देश के सामने माफी मांगनी चाहिए।

विभाग संयोजक अमन शर्मा ने कहा कि यह है डीएमके से संबंध अशोक सिगामनी के नेतृत्व में तमिलनाडु पुलिस व टीएनसीए द्वारा भारत की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को कूड़ेदान में फेंकना राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को अपमानित करने वाला कृत्य हैं। जो बेहद चिंता का विषय है। जो एक षड्यंत्र के तहत किया गया है। जिसके लिए तमिलनाडु पुलिस के जवानों पर जो इस कृत्य में सम्मिलित थे जल्द से जल्द कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर प्रदेश से मंत्री सचिन सिंह, विभाग संयोजक अमन शर्मा, महानगर सहमंत्री गौरव क्षत्रिय, अश्मित चौधरी, अमित कुमार, सनी सिंह, छविनाथ अरोड़ा, ईशान यादव, अनिकेत चौहान, अंशुल सैनी, अनिकेत आदि मौजूद रहे।

आतिशबाजी के चलते बढ़ा महानगर में वायु प्रदूषण, एक्यूआई में उछाल

मुरादाबाद- दशहरे पर आतिशबाजी से महानगर में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। बुधवार की सुबह महानगर के जिगर कॉलोनी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़ने से लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। इसको देखते हुए नगर निगम प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। अब दिवाली तक आतिशबाजी का क्रम जारी रहने से प्रदूषण के बढ़ते स्तर से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। मंगलवार-बुधवार को महानगर में कई रामलीला समितियों की ओर से रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण के पुतले दहन करने के दौरान की गई आतिशबाजी से महानगर व आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्तर बढ़ने से सुबह लोगों को दिक्कत हुई। वहीं सड़क की खोदाई कर जहां-तहां छोड़े गए मिट्टी के ढेर से उड़ रही धूल भी प्रदूषण बढ़ने की वजह बन रही है। बुधवार की सुबह महानगर के जिगर कॉलोनी में एक्यूआई 124 पीएम (प्रतिघन मीटर), बुद्धि विहार में 101, कांशीराम नगर में 105, ट्रांसपोर्ट नगर में 111, सेवायोजन कार्यालय 92, दिल्ली रोड स्थित इको हर्बल पार्क क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 117 अंक रिकॉर्ड किया गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक का ग्राफ स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से महानगर के 10 स्थानों पर लगे एक्यूआई मॉनीटर सेंटर पर लगे डिजिटल स्क्रीन पर डिस्पले भी होता रहा। इसको लेकर नगर निगम प्रशासन की चिंता भी बढ़ी। निगम प्रशासन की ओर से शाम को तीन स्प्रिंकलर मशीन से पेड़ों पर पानी का छिड़काव कराने के लिए गाड़ियां निकलीं। नगर निगम के प्रभारी पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण बढ़ना जन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इससे सांस लेने में दिक्कत होती है। इसको देखते हुए सूचकांक बढ़ने पर स्प्रिंकलर मशीन से पेड़ों पर पानी का छिड़काव कराते हैं। फिलहाल निगम के पास तीन स्प्रिंकलर है, जल्द ही तीन और मिल जाएंगी। इसके अलावा लोगों को वायु प्रदूषण न फैलाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके खतरे के बारे में बताकर लोगों को सतर्क करते हैं। उन्होंने बताया कि दिवाली व अन्य त्योहार में पर्यावरण हित का ध्यान रखने के लिए नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगे। महानगर में 10 स्थानों पर वायु गुणवत्ता मापन स्टेशन स्थापित है।

सुबह जिगर कॉलोनी में एक्यूआई 124, बुद्धि विहार में 101, कांशीराम नगर में 105, ट्रांसपोर्ट नगर में 111, सेवायोजन कार्यालय में 92, दिल्ली रोड स्थित इको हर्बल पार्क क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 117 रिकॉर्ड किया गया

यह हैं एयर क्वालिटी इंडेक्स के मानक

वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार हवा में पीएम 10 का स्तर 100 और पीएम 2.5 60 माइक्रो ग्राम प्रतिघन मीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। 50 अंक से अधिक होने पर वायु प्रदूषण जन स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता है। नगर निगम के प्रभारी पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण में वास्तविक समय के आधार पर होने वाले परिवर्तनों का माप वायु गुणवत्ता सूचकांक है। 0-500 की सीमा के साथ वायु प्रदूषण की मात्रात्मक माप है। वायु गुणवत्ता मानक 50 या उससे नीचे का मान अच्छी वायु गुणवत्ता का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि 300 से अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक मान खतरनाक वायु गुणवत्ता का प्रतिनिधित्व करता है।

लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों को गठबंधन धर्म का डर

मुरादाबाद- सपा, रालोद से जुड़े नेता खुल कर नहीं कर पा रहे तैयारी, कांग्रेस में राजबब्बर-अजहरूद्दीन के नाम की चर्चामुरादाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले दलों के इच्छुक प्रत्याशियों को अभी से गठबंधन धर्म का डर सता रहा है। गठबंधन में सीट बंटवारे में किसके हक में यहां की सीट जाएगी इसको लेकर असमंजस है। भाजपा में प्रत्याशी को लेकर कोई एक नाम स्पष्ट नहीं है। जबकि सपा, बसपा, कांग्रेस, रालोद आदि संगठन चुनाव पूर्व गठबंधन को लेकर अभी पशोपेश में हैं। जिले की लोकसभा सीट वर्तमान में समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसटी हसन के पास है। वह लोकसभा में पार्टी के नेता भी हैं। ऐसे में उनकी फिर से दावेदारी भी मजबूत मानी जा रही है। हालांकि कई नये चेहरे भी इस सीट पर दावेदारी कर रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस से कभी राजबब्बर, कभी अजहरूद्दीन के नाम राजनीतिक गलियारों में तैर रहे हैं तो कई नये चेहरे भी चुनावी रणभूमि में उतरने के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। सत्ताधारी दल होने के चलते टिकट की सर्वाधिक दावेदारी भाजपा में ही है। पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के अलावा भाजपा के एक पूर्व राज्यसभा सांसद और एक पूर्व जिलाध्यक्ष का नाम चर्चा में है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के गृह जनपद की सीट जीतना चुनौती = भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के कंधे पर यूं तो प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत का दारोमदार है। लेकिन, उनके गृह जिले मुरादाबाद में लोकसभा सीट इस बार जीतना पार्टी और खुद उनके लिए नाक का सवाल है। हालांकि यह बड़ी चुनौती साबित हो रही है। क्योंकि पिछला चुनाव भाजपा हार चुकी है।

के जिलाध्यक्ष

गठबंधन को लेकर निर्णय पार्टी हाईकमान लेगा। इस सीट पर वर्तमान में जनता का रुझान कांग्रेस की ओर है। जिसे भी पार्टी प्रत्याशी बनाएगी सभी मिलकर जिताएंगे। कांग्रेस हमेशा जनता के बीच रही है और रहेगी। इसलिए यहां की जनता ने कांग्रेस को चार बार यहां से अवसर दिया था। - असलम खुर्शीद, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

टिकट वितरण में कोई अड़चन नहीं है। राष्ट्रीय नेतृत्व जो भी निर्णय लेगा सभी उसके साथ रहेंगे। सबका ध्येय जनता को झांसे में रखकर सत्ता में आई भाजपा को बेदखल करना है। सपा हमेशा देशहित की सोच रखती है। चुनाव की तैयारी बूथ स्तर तक चल रही है। -डीपी यादव, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी

भाजपा कार्यकर्ता व कैडर आधारित पार्टी है। जनता के बीच रहकर हम हमेशा जनहित के लिए समर्पित रहने वाले हैं। टिकट किसको देना है यह पार्टी का प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा। जो भी प्रत्याशी होगा उसे जिताने के लिए हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्राणप्रण से जुटेंगे। इस समय वोट चेतना अभियान व बूथ सशक्तीकरण पर जोर है। -आकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष

राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के नेतृत्व में पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। हर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टरों में कैडर कैंप चल रहा है। इसमें पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होकर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की नीतियों व समतामूलक समाज की संकल्पना को मजबूत कर रहे हैं। -डॉ.सुनील आजाद, बसपा जिलाध्यक्ष

सर्वाधिक चार बार कांग्रेस-सपा ने दर्ज की है जीत

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से अब तक हुए 17 लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक चार बार यह सीट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पास रही है। 1952 व 1957 में पार्टी के टिकट पर रामसरन ने जीत दर्ज की थी। इस सीट पर जनता पार्टी ने दो बार जीत कर अपना झंडा बुलंद किया। भाजपा को केवल 2014 के चुनाव में जीत हासिल हुई है। जब कुंवर सर्वेश सिंह ने यहां से जीत दर्ज कमल खिलाया था।

क्या कहते हैं दलों

कार की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत, दंपति समेत तीन घायल

मुरादाबाद- दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बुधवार को कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति समेत तीन लोग घायल हो गए। इनमें दंपती के पौत्र की मौत हो गई है। हादसा मूंढापांडे थाना क्षेत्र में हाईवे पर पराग फैक्ट्री के सामने हुआ। पुलिस ने कार सवार को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह 9.30 बजे सुरेश पाल सिंह पत्नी माया देवी व पौत्र संग बाइक से घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति व उनका पौत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

अधिक चोट लगने से पौत्र मरणासन्न स्थिति में था। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने सुरेश पाल के पौत्र शिवम (16) पुत्र लोकेश को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में घायल सुरेश पाल व उनकी पत्नी को परिजन जिला अस्पताल से रेफर कराकर कॉसमॉस ले गए। सुरेश पाल सिंह संभल जिले में कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के सराय ज्चालापुरी के निवासी हैं। उधर, कार चालक ओमपाल सिंह निवासी मुजफ्फरपुर थाना बाबूगढ़ जिला हापुड़ को घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया है। हादसे में घायल सुरेश और उनकी पत्नी की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। परिवार वालों ने बताया कि सुरेश काशीपुर में एक शादी समारोह में गए थे, जहां से वह सुबह लौट रहे थे। बाइक उनका पौत्र शिवम ही चला रहा था।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की स्थापना दिवस 27 अक्टूबर को सफल बनाने के लिए जिला कार्यकारिणी की बैठक की

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की अहम बैठक अलीगढ़ जिला कार्यालय धनीपुर मंडी लकी हॉस्पिटल के सामने कृष्णा नगर कॉलोनी गली नंबर 1 पर जिला कार्यालय अलीगढ़ की बैठक की गई जिसमें अलीगढ़ सभी विग के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे 27 अक्टूबर को होने वाले स्थापना दिवस के बारे में सभी कार्यकर्ताओं का मंथन हुआ व सोहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जी के विचारों को व्यक्त किया व 21 वे पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने रूपरेखा बनाई सभी ने अपने विचार व्यक्त किये व कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल शर्मा जी अलीगढ़ मंडल कोऑर्डिनेटर पंकज शर्मा जी अलीगढ़ जिला अध्यक्ष अमित जादौन जी महानगर अध्यक्ष सोनू जादौन जी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शकील अल्वी जी महिला जिला अध्यक्ष अलका शर्मा जी महानगर महिला अध्यक्ष पूनम सिंह जी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष किशन सिंह जी युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह जी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष रामकुमार कुशवाहा जी महिला महानगर छात्र नेता अनुष्का यादव जी महिला छात्र नेता भूमि शर्मा जी कोल विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जी छर्रा विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र सिंह जी जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह जी महिला जिला उपाध्यक्ष रचना चौधरी जी व महानगर महिला नेताओं समेत पार्टी की तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे

रीवा चाकघाट आदर्श आचार संहिता के बहाने जन सेवा छोड़ धन बसूली में जुटे चाकघाट थाने के सिपाही

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश कुमार तिवारी

चाकघाट- रीवा जिले के मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश के बॉर्डर से सटे चाकघाट थाना क्षेत्र से एक वीडियो वायरल हो रहा है जहा के सिपाही शशिकांत तिवारी अपनी नाइट ड्यूटी के दौरान आये दिन आदर्श आचार संहिता के बहाने प्राइवेट वाहनों को रोककर अवैध रूप से वसूली करते थे जो बीती रात्रि अवैध राशि बसूलते हुए कैमरे में नजर आ रहे हैं। जिसका वीडियो सोसल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है जो जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रीवा पुलिस अधीक्षक के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे है और रीवा पुलिस अधीक्षक के विवेक सिंह के बेहतरीन कार्यो पर दाग लगाने का कार्य कर रहा है। वसूली का वीडियो देखकर आमजन मानस का कहना है कि ये चाकघाट थाना का ही नही जिले के सभी थानों में थाना प्रभारी के सह पर एक दो सिपाही आये दिन बसूली करते रहते है शिकायत भी होती है लेकिन कभी कार्यवाही नही होती है इसी बजह से उनके हौशले बुलंद रहते है जिसके लिए ऐसे सिपाहियों पर सख्त कार्यवाही होना चाहिए। बताते चले कि एक तरफ पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन आदर्श अचार संहिता को पालन कराने में जी तोड़ मेहनत कर रहे है दूसरी तरफ सिपाहियों के इस तरह का कारनामा शर्मनाक है सवाल यही कि इस तरह से खुलेआम वसूली का कार्य करने के लिए किसका संरक्षण प्राप्त है क्योंकि बिना संरक्षण के किसी सिपाही में इतनी हिम्मत नही होती कि रीवा पुलिस अधीक्षक के आदर्शों की धज्जियां उड़ा सके। देखना यही होगा कि क्या वीडियो सामने आने के बाद उच्च पुलिस अधिकारी ऐसे भ्रष्ट सिपाही पर कार्यवाही करेगे या दिखाने के लिए स्थानांतरण करने की कार्यवाही करेगे। हकीकत क्या है ये तो सही जांच के बाद ही कहा जा सकता है

ट्रक की टक्कर से दंपति घायल

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़- अलीगढ़ अकराबाद। थाना क्षेत्र के बाबा कोल्ड स्टोर के पास सुवह ट्रक के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाईक पर सवार दंपत्ति घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे चौकीं इंचार्ज पनैठी योगेंद्र कुमार ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। थाना विजयगढ़ के गांव करेला निवासी नौबत सिंह उर्फ पप्पू पुत्र किशन लाल धनीपुर किराए पर रहता है पेपर डालने का कार्य करता सूचना लगते ही भारतीय हलदर किसान यूनियन के प्रदेश महा सचिव राकेश सिंह पूर्व प्रधान मौके पर पहुंचे घायल कर जाना हाल-चाल

पुलिस कालोनी बैढ़न डांडिया कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों की पत्नियों ने दी शानदार प्रस्तुति

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश कुमार तिवारी

सिंगरौली - शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर सप्तमी को मां कालरात्रि के दिन जिलेभर में भक्तगणों ने घरों , मंदिरों एवम पंडालों में विधिवत पुजा अर्चना किए वही सप्तमी के दिन दुर्गा पंडालों में बच्चो एवम महिलाओ ने सामूहिक नाइट डांडिया , गढ़बा , भक्ति गीत की प्रस्तुति कर नवरात्रि का आनंद लिए इसी क्रम में बता दे कि पुलिस कालोनी बैढ़न में उपनिरीक्षक की पत्नी श्रीमती आकांशा पाठक के नेतृत्व में 5 अक्तूबर से पुलिस कर्मियों की पत्नियों , बच्चो को डांडिया का अभ्यास करवाया जा रहा था और इस डांडिया की प्रभारी भी श्रीमती आकांशा पाठक ही थी । पुलिस कालोनी बैढ़न में 19 अक्टूबर से 21 अक्टूबर यानी की पंचमी से सप्तमी तक तीन दिन डांडिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे 21 अक्टूबर सप्तमी को फाइनल कार्यक्रम था और इस कार्यक्रम डांडिया प्रभारी श्रीमती पाठक के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया था कार्यक्रम की शुरुआत सायं 8 बजे मां कालरात्रि की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित , आरती कर किया गया वही बच्चो ने देशभक्ति गीत के साथ नृत्य की प्रस्तुति दिए और पुलिस कर्मियों की पत्नियों ने गरबा नृत्य करते हुए डांडिया की अच्छी प्रस्तुति दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला योग समिति सिंगरौली अध्यक्ष डाक्टर अश्वनी तिवारी , विशिष्ठ अतिथि के रूप में योगासन भारत सिंगरौली अध्यक्ष डाक्टर आर.डी पाण्डेय , योग की राष्ट्रीय जजेज श्रीमती स्वप्निल श्रीवास्तव एवं योग शिक्षक निगाही श्रीमती पुष्पलता सिंह रही वही डांडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवम विशिष्ठ अतिथियों को पुलिस कर्मियों की पत्नियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । वही कार्यक्रम दौरान मुख्य अतिथि जिला योग समिति सिंगरौली अध्यक्ष डाक्टर अश्वनी तिवारी ने कहा कि इस पुलिस कालोनी में जो इस डांडिया एवम कार्यक्रम की प्रभारी एवम जिला योग समिति जिला कार्यकारिणी सदस्य आकांक्षा पाठक द्वारा सभी महिलाओ एवम बच्चो को बहुत ही अच्छा अभ्यास कराया गया है तथा इस पुलिस कालोनी बैढ़न में बहुत ही अच्छी शुरुआत हुई है और हमेशा इस तरह के अच्छे कार्यक्रम होते रहे जिससे महिलाओ , बच्चो के शारीरिक , मानसिक , बौद्धिक के विकास के वृद्धि होगी और सकारात्मक विचार , कार्यो की ओर मन लगेगा तथा समाज में महिलाए के बीच एक अच्छा संदेश जाएगा । वही विशिष्ठ अतिथि योगासन भारत सिंगरौली अध्यक्ष डाक्टर आर.डी पाण्डेय ने कहा कि डांडिया प्रभारी के नेतृत्व में बहुत ही अच्छा आयोजन किया गया है इसके लिए पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं साथ ही श्री पाण्डेय ने कहा कि अपने शरीर को स्वस्थ , फिट रखने के लिए योग , प्राणायाम , ध्यान आवश्यक करे योग करने से आपके जीवन में हमेशा सकारात्मक विचार , मस्तिस्क तेज कई तरह के लाभ प्राप्त होगे । वही डांडिया में सहभागिता लेने वाली पुलिस कर्मियों की पत्नियों एवम बच्चो को पुरस्कार भी दिया गया वही इस डांडिया कार्यक्रम का सफल संचालन पुलिस विभाग कार्यक्रमों में स्पीकर एएसआई सुरेंद्र पाण्डेय ने किया । इस मौके पर एनसीएल बीना प्रोजेक्ट (जीएम) वरिष्ठ अधिकारी (सर्वे.) पुष्प सिंह श्रीवास्तव , साहित्यकार सुरेश गिरी प्रखर , पत्रकार ओम प्रकाश तिवारी , किरण केशरी , नीता विश्वकर्मा , रेनू बागरी , रूपा सिंह , पिंकी , कविता तिवारी , ज्योति , निधि , मालती , प्रीति सहित पुलिस कर्मियों की पत्नियों , बच्चे उपस्थित रहे।

चाकघाट थाने की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे, कानून व्यवस्था का रक्षक बनकर थाने के सामने अवैध वसूली करते कैमरे में हुआ कैद

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

रीवा- जिले के यूपी-एमपी सीमा चाकघाट बॉर्डर का है,... जहां एक सैनिक प्राइवेट वाहनों से अवैध वसूली करता सोशल मीडिया में वायरल वीडियों इस बात की गवाही दे रहा है कि यह की व्यवस्था कितनी चुस्त-दुरुस्त है,... मिली जानकारी के अनुसार यह वीडियों होमगार्ड सैनिक शशिकांत तिवारी का है जो प्राइवेट वाहनों से वसूलती करता हुआ नजर आ रहा है,... वहीं वसूली स्थल की बात करे तो यह दृश्य थाने के सामने हाईवे का है,... वीडियों में सैनिक द्वारा पिकअप सहित अन्य वाहनों से भी प्रति वाहन 200 रूपये वसूलने की बात की जा रहीं है,... बता दे कि क्षेत्र में असामाजिक तत्व, अपराधियों व अवैध कारोबारी का दिन-रात बोलबाला है जिसपर विराम नहीं लग पा रहा है,... आखिर लगे भी क्यों जब यह भूसा वाहन, भैंस बकरियों के वाहन, अन्य अवैध कार्य पर लेनदेन करने में व्यस्त है,... बता दें कि यह मामला पहला नहीं है और यह प्रतिदिन-दिनभर की कहानी है,... जहां इससे स्पष्ट है कि इसमें इनका अकेले का रोल नहीं है व इसमें किन-किन का रोल है यह जांच का विषय है,... क्षेत्र में आचार संहिता लगी हुई है परन्तु थाने के आसपास हो या ग्रामीण क्षेत्र इसका किसी भी प्रकार से प्रभाव नहीं दिख रहा है,... अगर बात करें थाना परिसर की तो दलाल एवं अवैध कार्य में सम्मिलित लोगों का जमवाड़ा लगा रहता है,... फिलहाल पूरे मामले में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा क्या एक्शन लिया जाता है व अव्यवस्थाओं पर कितनी पहल होगी आने वाले समय पर ही पता चल सकेगा।

अलीगंज में एक बंगाली क्लीनिक सील तो दो को थमाऐ गऐ नोटिस

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा ! मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में आज दशहरा के पर्व पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले में बढ रही झौलाछाप चिकित्सकों की अमर बेल को छांटने के उद्देश्य से तहसील अलीगंज के सराय रोड पर डा. म्रत्युजंय विश्वास के बंगाली क्लीनिक को जहां सील किया है तो वहीं सराय रोड पर ही दूसरे बंगाली झौलाछाप चिकित्सक एन.के. विश्वास सहित बिथरा भट्टे के निकट फर्जी तरीके से संचालित पांच बैड के जे.एस.हैल्थकेयर हॉस्पीटल को नोटिस तामील कराया है ! अवैध चिकित्सा व्यवसाय के नोडल डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार ने बताया कि सील किऐ गऐ बंगाली क्लीनिक के सन्दर्भ में क्षेत्रिय जागरूक लोगों द्वारा जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिहं को भी शिकायतें प्रेषित की गयी थी ! डा. सर्वेश कुमार ने आगे बताया कि समूचे जिले में बडे स्तर पर झौलाछाप डाक्टरों के विरूद्द चरणबद्द तरीके से कार्यवाही की जा रही है !

विजयादशमी पर पिपराही चौकी में हुआ शस्त्र पूजन, चौकी प्रभारी समेत स्टाफ रहा मौजूद

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

